A

Booklet Series **A**

**Code : TG-01**

Question Booklet No.
प्रश्न पुस्तिका संख्या
20437725

परीक्षा केन्द्र की मुहर लगायें
Affix stamp of examination centre

# हिन्दी
# HINDI

अनुक्रमांक (अंकों में)
Roll No. (in figures) ______________
(केवल अंग्रेजी में/Only in English)

OMR क्रम संख्या (अंकों में)
OMR Serial No. (in figures) ______________
(केवल अंग्रेजी में/Only in English)

OMR क्रम संख्या (शब्दों में)
OMR Serial No. (in words) ..............................................................

..............................................................

केन्द्र का नाम/Name of the Centre ..............................................................

समय : 2 घंटे    Time : 2 Hours

पूर्णांक : 425    M.M. : 425

*कक्ष–निरीक्षक का हस्ताक्षर / Signature of the Invigilator*

## आवश्यक निर्देश

1. अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक केवल आवरण पृष्ठ तथा प्रश्न–पुस्तिका के साथ दिए गए उत्तर–पत्रक के निर्दिष्ट स्थान पर लिखेंगे, अन्यत्र कहीं नहीं ।
2. प्रश्न–पुस्तिका मिलने के उपरान्त अभ्यर्थी को तुरन्त जाँच कर सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं तथा कोई प्रश्न छूट तो नहीं गया है । यदि कोई विसंगति है, तो प्रश्न–पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष–निरीक्षक को सूचित करना चाहिए तथा त्रुटिरहित दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लेनी चाहिए ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. The candidate will write his/her Roll No. only at the place provided for i.e. on the cover page and on answer sheet given and nowhere else.
2. Immediately on the receipt of the question booklet, the candidate will check up and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If there is any discrepancy, it should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of issue of this question booklet and a fresh booklet without any discrepancy be obtained.

*

## हिन्दी
## HINDI

1. इनमें से कौन संत कवि नहीं है ?
   (A) कबीरदास (B) तुलसीदास
   (C) सुन्दरदास (D) मलूकदास

2. 'राघव चेतन' इनमें से किस सूफी काव्य का पात्र है ?
   (A) मधुमालती (B) मृगावती
   (C) पद्मावत (D) चंदायन

3. कुतुबन द्वारा रचित ग्रंथ का नाम है –
   (A) मृगावती (B) मधुमालती
   (C) हंस जवाहिर (D) चंदायन

4. रामभक्ति शाखा में रसिकोपासना का समावेश किसने किया ?
   (A) केशवदास (B) अग्रदास
   (C) लालदास (D) नाभादास

5. 'मदनाष्टक' के रचयिता का नाम क्या है ?
   (A) केशवदास (B) रसखान
   (C) रहीम (D) नरोत्तमदास

6. केशवदास को किस वर्ग में रखना समीचीन है ?
   (A) रीतिबद्ध कवि
   (B) रीतिमुक्त कवि
   (C) रीतिसिद्ध कवि
   (D) स्वच्छंदतावादी कवि

7. शिवा बावनी के रचयिता का नाम है –
   (A) जसवंत सिंह (B) केशव
   (C) भूषण (D) पद्माकर

8. भारतेंदु युग का एक अन्य नाम है
   (A) प्रगति प्रयोग काल
   (B) जागरण सुधार काल
   (C) पुनर्जागरण काल
   (D) नव सामंत काल

9. इनमें से भारतेन्दु युगीन लेखक कौन हैं ?
   (A) पं. प्रतापनारायण मिश्र
   (B) हरिऔध
   (C) विद्यानिवास मिश्र
   (D) रायकृष्णदास

10. 'तारसप्तक' का प्रकाशन किस सन् में हुआ ?
   (A) 1930 ई. (B) 1940 ई.
   (C) 1935 ई. (D) 1943 ई.

11. इनमें से कौन-सा उपन्यास यशपाल का नहीं है ?
   (A) दादा कामरेड
   (B) कब तक पुकारूँ
   (C) दिव्या
   (D) झूठा सच

12. तीसरा सप्तक कब प्रकाशित हुआ ?

(A) 1960 ई.

(B) 1959 ई.

(C) 1951 ई.

(D) 1970 ई.

13. 'पुष्प की अभिलाषा' नामक प्रसिद्ध कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) रामनरेश त्रिपाठी

14. आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) मन्नू भण्डारी

(C) महादेवी वर्मा

(D) उषा प्रियंवदा

15. 'प्रकृति का सुकुमार राजकुमार' किसे कहा जाता है ?

(A) प्रसाद (B) पंत

(C) निराला (D) बच्चन

16. हिन्दी खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है ?

(A) साकेत

(B) सामधेनी

(C) हल्दीघाटी

(D) प्रियप्रवास

17. 'कलम का सिपाही' का लेखक कौन है ?

(A) प्रेमचंद

(B) अमृतराय

(C) रामविलास शर्मा

(D) शिवरानी देवी

18. 'मुझे चांद चाहिए' किस विधा की कृति है ?

(A) कविता (B) नाटक

(C) कहानी (D) उपन्यास

19. 'सारा आकाश' किसकी कृति है ?

(A) मन्नू भंडारी

(B) राजेंद्र यादव

(C) कमलेश्वर

(D) अज्ञेय

20. 'संशय की एक रात' किस कवि की कृति है ?

(A) अज्ञेय

(B) नरेन्द्र शर्मा

(C) नरेश मेहता

(D) केसरी कुमार

21. 'आषाढ़ का एक दिन' नामक नाटक के रचयिता हैं

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) सुरेन्द्र वर्मा

(C) लक्ष्मीनारायण मिश्र

(D) मोहन राकेश

22. 'कवित्त रत्नाकर' के रचयिता हैं

(A) जगन्नाथदास रत्नाकर

(B) सेनापति

(C) मतिराम

(D) बोधा

23. इनमें से कौन-सा जोड़ा सही है ?

(A) श्री संप्रदाय – मध्वाचार्य

(B) रुद्र संप्रदाय – विष्णु स्वामी

(C) सनकादि संप्रदाय – श्री हितजी

(D) राधा वल्लभ संप्रदाय – निम्बार्काचार्य

24. 500 ई. से 1100 ई. तक के संस्कृत काव्यशास्त्र को क्या कहा जाता है ?

(A) प्रवर्तन काल

(B) प्रतिपादन काल

(C) व्याख्या काल

(D) भाष्य काल

25. 'निर्धन के <u>धन-सी</u> तुम आई ।' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) उपमा (B) रूपक

(C) उत्प्रेक्षा (D) अनुप्रास

26. 'रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून ।'
इन पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?

(A) दोहा

(B) गीतिका

(C) चौपाई

(D) कवित्त

27. करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस देश की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।
इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है ?

(A) दोहा

(B) चौपाई

(C) उल्लाला

(D) गीतिका

28. "कहा-कैकेयी ने सक्रोध
दूर-हट ! दूर अरी निर्बोध ।"
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?

(A) वात्सल्य रस

(B) वीभत्स रस

(C) हास्य रस

(D) रौद्र रस

29. 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो ।
वस्तु अमोलक दी मेरे सद्गुरु किरपा करि अपनायो ।'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?

(A) वीर रस

(B) करुण रस

(C) भक्ति रस

(D) रौद्र रस

30. ब्रजभाषा का विकास इनमें किस प्राकृत/अपभ्रंश से हुआ ?

(A) मागधी

(B) पैशाची

(C) शौरसेनी

(D) अर्धमागधी

31. आगरा किस बोली का क्षेत्र है ?

(A) अवधी

(B) खड़ीबोली

(C) ब्रज भाषा

(D) छत्तीसगढ़ी

32. इनमें से कौन-सी ध्वनि संयुक्त व्यंजन है ?

(A) क्य (B) च्च

(C) ट (D) औ

33. इनमें से कौन-सा युग्म अघोष ध्वनि है ?

(A) ग, घ (B) ड, ढ

(C) प, फ (D) द, ध

34. मुंडा भाषा परिवार का क्षेत्र कौन-सा है ?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) तमिलनाडु

(D) छोटा नागपुर

35. निम्नलिखित में से 'नीलकंठ' कौन-सा शब्द है ?

(A) रूढ़

(B) यौगिक

(C) योगरूढ़

(D) इनमें से कोई नहीं

36. निम्नलिखित में से कौन महाप्राण ध्वनि नहीं है ?

(A) ख (B) ठ

(C) ज (D) ट

37. हिन्दी को राजभाषा के रूप में सांविधानिक मान्यता कब मिली ?

(A) 26 जनवरी 1950

(B) 14 अक्टूबर 1949

(C) 15 अगस्त 1947

(D) 14 सितंबर 1955

38. 'अशोक ने पत्र पढ़ा ।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है ?

(A) कर्ता (B) अधिकरण

(C) कर्म (D) करण

39. इनमें से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?

(A) डिबिया (B) दात्री

(C) खटमल (D) जीभ

40. 'चंद्रमुख' में कौन-सा समास है ?

(A) द्विगु

(B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

41. 'मैं आदर सहित नमस्कार करता हूँ ।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा ?

(A) मैं नमस्कार आदर सहित करता हूँ ।

(B) सादर मैं प्रणाम करता हूँ ।

(C) मैं आदर पूर्ण नमस्कार करता हूँ ।

(D) मैं सादर नमस्कार करता हूँ ।

42. 'हर्ष' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) विषाद (B) प्रहर्ष

(C) खुशी (D) नीरव

43. 'जो समाचार भेजता हो' के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) संवाददाता

(B) सूचक

(C) प्रेषक

(D) दूत

44. 'एक तो दोष था ही, उस पर दूसरा दोष लग जाना' की सही कहावत होगी

(A) अधजल गगरी छलकत जाए

(B) हाथ कंगन को आरसी क्या

(C) एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा

(D) छोटा मुँह बड़ी बात

45. 'नैषधीयचरित्' किसकी रचना है ?

(A) भास

(B) कालिदास

(C) श्रीहर्ष

(D) भारवि

46. इनमें से कौन-सी रचना माघ की है ?

(A) किरातार्जुनीय

(B) मेघदूत

(C) दशकुमारचरितम्

(D) शिशुपालवध

47. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ है

(A) थोड़ा काम करना

(B) बहुत ज्यादा कहना

(C) थोड़े में बहुत कहना

(D) ज्यादा में थोड़ा कहना

48. 'कविता' का बहुवचन है

(A) कवीताएँ (B) कविताएँ

(C) कविताइयाँ (D) कविताए

49. 'जीवैषणा' का सही संधि-विच्छेद कीजिए।

(A) जीव + ऐषणा (B) जीव + एषणा

(C) जीवै + षणा (D) जीव + ऐषणा

50. 'प्रेमातुर' शब्द में इनमें कौन-सा समास नहीं है ?

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

51. 'स: हस्तेन खादति।' में कौन-सा कारक है ?

(A) कर्त्ता (B) संबंध

(C) कर्म (D) करण

52. 'कविता का मर्म' में कौन-कौन सी विभक्ति है ?

(A) षष्ठी (B) प्रथमा

(C) तृतीया (D) सप्तमी

53. 'रामकृष्णौ' में कौन-सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व समास

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

54. 'सज्जनः पापाद् जुगुप्सते ।' का हिन्दी अनुवाद कीजिए।

(A) सज्जन पाप से घृणा करता है ।

(B) सज्जन पाप करेगा ।

(C) सज्जन पाप से घृणा करेगा ।

(D) सज्जन घृणा से पाप करता था ।

55. 'रामेण सह सीता वनं गच्छति ।' का हिन्दी अनुवाद है

(A) राम के साथ सीता वन गई थी ।

(B) राम के साथ सीता वन जाती होगी ।

(C) राम के साथ सीता वन जाती है ।

(D) राम के साथ सीता वन जाएगी ।

56. 'सुबह, दोपहर, शाम' किस प्रसिद्ध उपन्यासकार की रचना है ?

(A) प्रेमचंद

(B) वृन्दावनलाल वर्मा

(C) उपेंद्रनाथ 'अश्क'

(D) कमलेश्वर

57. राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी का पहला कवि किसे माना है ?

(A) लुईपा (B) शबरपा

(C) सरहपा (D) चंदबरदाई

58. किस इतिहास लेखक ने अपने इतिहास-ग्रंथ में लगभग 5000 कवियों का विवरण दिया है ?

(A) मिश्रबंधु

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(D) सर जार्ज ग्रियर्सन

59. गौड़ीय सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य थे -

(A) वल्लभाचार्य

(B) मध्वाचार्य

(C) चैतन्य महाप्रभु

(D) स्वामी हरिदास

60. अष्टछाप में कवियों की संख्या कितनी थी ?

(A) 10 (B) 8

(C) 12 (D) 15

61. सूफी कवि नूर मुहम्मद की रचना का नाम है

(A) मधुमालती

(B) अनुराग बाँसुरी

(C) चन्द्रावती

(D) इन्द्रावती

62. संत कवि गुरुनानक देव का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) अमृतसर

(B) तलवंडी

(C) नादेड़

(D) ननकाना

63. श्रृंगार और वात्सल्य रस का सम्राट किस कवि को कहा जाता है ?

(A) तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) नंददास

(D) कृष्णदास

64. भक्ति का प्रारंभ कहाँ से हुआ ?

(A) पूर्वी भारत

(B) दक्षिण भारत

(C) पश्चिमी भारत

(D) उत्तरी भारत

65. 'ज्ञानदीप' के रचयिता का नाम है –

(A) मंझन (B) कुतुबन

(C) उसमान (D) शेख नबी

66. सूरदास के दृष्टकूट पद किस काव्य-ग्रंथ में संकलित हैं ?

(A) सूरसागर

(B) साहित्य लहरी

(C) सूर सारावली

(D) इनमें से कोई नहीं

67. इनमें से कौन-सी कृति केशवदास की नहीं है ?

(A) रामचंद्रिका

(B) रसिकप्रिया

(C) अनेकार्थमंजरी

(D) विज्ञान गीता

68. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रीतिकाल का समय माना है

(A) 1600 – 1800 वि.

(B) 1700 – 1900 वि.

(C) 1500 – 1750 वि.

(D) 1600 – 1850 वि.

69. रीतिकाल में किस रस की प्रधानता काव्य में रही है ?

(A) श्रृंगार (B) भक्ति

(C) शान्त (D) रौद्र

70. इनमें से रीतिकाल का कौन-सा कवि अपने प्रकृति-चित्रण के लिए विख्यात है ?

(A) घनानंद (B) मतिराम

(C) सेनापति (D) ग्वाल

71. 'ब्राह्मण' पत्र के संस्थापक-संपादक का नाम है –

(A) भारतेन्दु

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) मदनमोहन मालवीय

72. इनमें छायावादी कवि कौन नहीं है ?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) शिवमंगल सिंह सुमन

73. 'कुरु कुरु स्वाहा' उपन्यास के लेखक इनमें से कौन हैं ?

(A) उषा प्रियंवदा

(B) धर्मवीर भारती

(C) राही मासूम रजा

(D) मनोहर श्याम जोशी

74. 'आवारा मसीहा' के लेखक हैं –

(A) अमृतराय (B) विष्णु प्रभाकर

(C) रामविलास शर्मा (D) मोहन राकेश

75. कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं ?

(A) 8 (B) 10

(C) 12 (D) 15

76. 'रत्नाकर' कृत 'उद्धव शतक' किस भाषा में लिखा गया काव्य ग्रंथ है ?

(A) अवधी (B) ब्रजभाषा

(C) खड़ीबोली (D) अपभ्रंश

77. इनमें से किस नाटक में नारी के पुनर्लग्न की समस्या उठाई गई है ?

(A) स्कंदगुप्त (B) ध्रुवस्वामिनी

(C) अजातशत्रु (D) चन्द्रगुप्त

78. इनमें से किसने सर्वाधिक ऐतिहासिक नाटक लिखे हैं ?

(A) मोहन राकेश

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) लक्ष्मीनारायण लाल

(D) सुरेन्द्र वर्मा

79. सन् 1975 के बाद की कविता को इनमें से क्या नाम दिया गया ?

(A) नयी कविता

(B) समकालीन कविता

(C) अकविता

(D) नवगीत

80. 'राग दरबारी' नामक उपन्यास के लेखक हैं

(A) निर्मल वर्मा

(B) नरेश मेहता

(C) विवेकी राय

(D) श्रीलाल शुक्ल

81. 'सचेतन कहानी' का प्रवर्तक इनमें से कौन है ?

(A) जैनेन्द्र

(B) महीप सिंह

(C) कमलेश्वर

(D) निर्मल वर्मा

82. इनमें से कौन–सी कृति अज्ञेय की है ?

(A) संसद से सड़क तक

(B) मछली घर

(C) हरी घास पर क्षण भर

(D) साये में धूप

83. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' कृत काव्य इनमें से कौन है ?

(A) रेणुका

(B) हम विषपायी जनम के

(C) हिमकिरीटिनी

(D) मिलन

84. 'आठवाँ सर्ग' किस विधा की पुस्तक है ?

(A) उपन्यास (B) नाटक

(C) आत्मकथा (D) काव्य संकलन

85. इनमें से कौन-सा जोड़ा सही है ?

(A) चिंतामणि – काव्य प्रकाश

(B) मतिराम – रस रहस्य

(C) भूषण – अंगदर्पण

(D) रसलीन – शिवा बावनी

86. मैला आँचल के लेखक हैं

(A) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

(B) नागार्जुन

(C) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'

(D) मोहन राकेश

87. 'कहती हुई यों उतरा के नेत्र जल से भर गए।
हिम के कणों से पूर्ण मानों हो गए पंकज नए।'

इन पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) रूपक

(C) यमक

(D) उपमा

88. 'चरण कमल बंदौ हरिराई।' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) अनुप्रास

(C) रूपक

(D) उपमा

89. रघुकुल रीति सदा चलि आई।
प्राण जाई पर बचन न जाई।
इन पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?

(A) उल्लाला

(B) चौपाई

(C) सोरठा

(D) दोहा

90. निसिदिन बरसत नैन हमारे,
सदा रहत पावस ऋतु हम पर जब ते स्याम सिधारे।
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?

(A) करुण रस

(B) वियोग श्रृंगार रस

(C) शान्त रस

(D) हास्य रस

91. 'जसोदा हरि पालनै झुलावै।
हलरावै, दुलराय मल्हाबै जाई-सोई कछू गावै।'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?

(A) अद्भुत रस

(B) वात्सल्य रस

(C) रौद्र रस

(D) भयानक रस

92. इनमें से किस बोली का 'बिहारी हिन्दी' से संबंध नहीं है ?

(A) अवधी

(B) मगही

(C) भोजपुरी

(D) मैथिली

93. 'मगही' किस प्रदेश की बोली है ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) बिहार

(C) राजस्थान

(D) छत्तीसगढ

94. सिंधी भाषा का विकास अपभ्रंश की किस बोली से माना गया है ?

(A) ब्राचड़

(B) पैशाची

(C) मागधी

(D) अर्धमागधी

95. हिन्दू मग पर पांव न राखेउ ।।
का बहुतैं जो हिन्दी भाखेउ ।।
ये काव्य पंक्तियाँ किस बोली में हैं ?

(A) ब्रज (B) भोजपुरी

(C) अवधी (D) बुंदेली

96. इनमें से कौन–सा पश्च स्वर है ?

(A) आ

(B) इ

(C) ई

(D) अ

97. निम्नलिखित में से कौन 'देशज' शब्द है ?

(A) खिड़की (B) मित्र

(C) कालीन (D) रेल

98. निम्नलिखित में से कौन तालव्य ध्वनि है ?

(A) च (B) प

(C) ल (D) ह

99. इसमें से कौन–सी लिपि नहीं है ?

(A) अरबी

(B) गुरुमुखी

(C) देवनागरी

(D) अंग्रेजी

100. 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान है

(A) दन्त्य

(B) ओष्ठ्य

(C) तालव्य

(D) वर्त्स्य

101. 'उसके प्राण सूख गए ।' इस वाक्य में 'प्राण' का वचन निर्धारित कीजिए ।

(A) एकवचन

(B) बहुवचन

(C) द्विवचन

(D) इनमें से कोई नहीं

102. 'सज्जन' का संधि – विच्छेद क्या होगा ?

(A) सद् + जन (B) सत् + जन

(C) सत् + जान (D) सज् + जन

103. 'ऋणमुक्त' शब्द में कौन-सा समास है ?

(A) संबंध तत्पुरुष

(B) संप्रदान तत्पुरुष

(C) अधिकरण तत्पुरुष

(D) अपादान तत्पुरुष

104. इनमें एक 'मोक्ष' का पर्यायवाची शब्द है

(A) निर्वाण (B) दशा

(C) गति (D) चाल

105. 'चर्म' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है ?

(A) चरम

(B) चमड़ा

(C) चित्र

(D) अंतिम

106. 'खाक में मिलाना' मुहावरे का सही अर्थ है

(A) सब तोड़ देना

(B) कीचड़ में मिला देना

(C) नष्ट कर देना

(D) हानि पहुँचाना

107. इनमें से कौन-सी कालिदास की दूसरी रचना है ?

(A) रघुवंशम्

(B) अभिज्ञान शाकुन्तलम्

(C) दशरूपक

(D) प्रतिभा नाटकम्

108. 'मालतीमाधव' किसकी रचना है ?

(A) भट्टगोपाल (B) भवभूति

(C) श्रीहर्ष (D) दण्डी

109. 'दशकुमारचरित' किसकी रचना है ?

(A) कालिदास (B) दण्डी

(C) भवभूति (D) मास

110. 'रामू घर से निकला ।' इस वाक्य में 'घर से' में कौन-सा कारक है ?

(A) करण (B) अपादान

(C) कर्ता (D) संप्रदान

111. 'गठरी' शब्द है -

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) विधिलिंग (D) नपुंसकलिंग

112. 'अत्याचार' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(A) दीर्घ (B) यण्

(C) गुण (D) वृद्धि

113. 'उत्तर-दक्षिण' में कौन-सा समास है ?

(A) बहुव्रीहि (B) द्वंद्व

(C) अव्ययीभाव (D) द्विगु

114. 'रामः रावणं ममार ।' में कौन-सा लकार है ?

(A) लिट् लकार

(B) लङ् लकार

(C) लृट लकार

(D) लट् लकार

115. 'मति:' शब्द रूप में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) प्रथमा (B) सप्तमी

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

116. 'इदं रमेशस्य पुस्तकम् अस्ति ।' का हिन्दी अनुवाद कीजिए ।

(A) यह रमेश की पुस्तक है ।

(B) वह रमेश की पुस्तक है ।

(C) ये रमेश की पुस्तक होगी ।

(D) वो रमेश की पुस्तक होगी ।

117. 'बालिका गच्छन्ती अस्ति ।' का हिन्दी अनुवाद है

(A) बालिका जाएगी।

(B) बालिका जाती होगी ।

(C) बालिका जा रही थी ।

(D) बालिका जा रही है ।

118. सूफी साधना के चार पड़ावों में इनमें से कौन-सा नहीं है ?

(A) शरीअत (B) तरीकत

(C) मलकत (D) मारिफत

119. 'कुआनो नदी' इनमें से किस कवि की कृति है ?

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(B) शमशेरबहादुर सिंह

(C) कुँवर नारायण

(D) कीर्ति चौधरी

120. नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक इनमें कौन थे ?

(A) गोरखनाथ

(B) महानाथ

(C) चर्पटनाथ

(D) नेमिनाथ

121. महापुराण के रचनाकार कौन है ?

(A) अब्दुर्रहमान (B) पुष्यदन्त

(C) धनपाल (D) स्वयंभू

122. 'रसमंजरी' किस कवि की कृति है ?

(A) केशवदास (B) भूषण

(C) नंददास (D) छीतस्वामी

123. मृगावती के रचनाकार हैं –

(A) मंझन (B) आलम

(C) कुतुबन (D) मुल्ला दाऊद

124. भ्रमरगीत का उपजीव्य ग्रंथ कौन-सा है ?

(A) श्रीमद्भागवत महा पुराण

(B) विष्णु पुराण

(C) हरिवंश पुराण

(D) शिवपुराण

125. विनयपत्रिका की रचना किस भाषा में हुई है ?

(A) अवधी (B) ब्रजभाषा

(C) मैथिली (D) हिन्दी

SEAL

3. प्रश्न-पुस्तिका में किसी विसंगति के अतिरिक्त, किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को कोई दूसरी प्रश्न-पुस्तिका नहीं दी जाएगी । अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका को उपयोग में लाने और उत्तर-पत्रक को पूरित करने में सावधानी बरतनी चाहिए ।

4. अभ्यर्थी को 125 प्रश्नों के उत्तर भरने हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक नहीं दिये जायेंगे ।

5. उत्तर-पत्रक को भरने के पूर्व अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

6. अभ्यर्थी को दिए गए चार विकल्पों में से एक अति उपयुक्त विकल्प का चयन कर OMR शीट में उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देशानुसार भरना है ।

7. किसी भी परिस्थिति में प्रश्न-पुस्तिका का कोई भी कागज अलग नहीं करना है ।

8. अभ्यर्थी परीक्षा भवन में **प्रवेश पत्र** के अतिरिक्त सादा या लिखा कोई अन्य कागज नहीं लाएँगे । यदि कोई अभ्यर्थी कोई अतिरिक्त कागज, नोट, पुस्तक, कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन आदि अपने साथ परीक्षा भवन में रखे पाया जाता है, तो उसे अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत दण्डित किया जा सकता है ।

9. सभी रफ कार्य को केवल प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर ही करना है ।

10. केवल **काला** बॉल पेन उत्तर भरने के लिए प्रयोग करें ।

3. No second question booklet shall be given to any candidate under any circumstances except any discrepancy in question booklet. The candidate should be careful in handling the question booklet and filling the answer sheet.

4. A candidate has to attempt 125 questions. All the questions are compulsory. There is no negative marking for wrong answer.

5. Before filling the answer sheet, the candidate should read carefully the important instructions given on answer sheet.

6. The candidate has to choose best suitable alternative out of the four alternatives given and mark on the OMR answer sheet according to the instructions given in the answer sheet.

7. In no case any paper from the question booklet should be separated.

8. The candidate shall not bring any loose paper, whether written or blank, except the **admit card**, inside the examination hall. If any candidate is found having any loose paper, notes, books, calculator, slide rule, mobile phone etc. with him/her in the examination hall, he/she will be liable to be punished for use of unfair means.

9. All rough work should be done inside the question booklet only.

10. Only use **black** ball pen for filling answers.



SEAL

SEAL